# सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क



विधायक को हर गली-मोहल्ले में ऐसी समस्याएं मिलेंगी।

**रतलाम, नप्र। शहर की सड़कें कितनी खराब है, यह तो सड़कों पर चलने वाले ही भलीभांति जानते हैं। सड़कों की खराब हालत को लेकर आए दिन बात होती रहती है, लेकिन सुध लेने की किसी को सूझ नहीं पड़ती।**

शहर में एक सौ छब्बीस किलोमीटर की सड़कों को बनाया जाना है। ये सड़कें मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणा अनुसार पंचवर्षीय योजना के तहत बनाई जाएंगी, जिसके कारण नगर विधायक चेतन्य काश्यप सड़कों की हलात को देखने के लिए शहर की कॉलोनियों और मोहल्लों में जा पहुंचे। बताते हैं कि वे वार्ड क्रमांक एक में सुबह ही पहुंच गए तो फिर देर शाम तक तकरीबन 22 वार्डों में जा पहुंचे, जहां उन्होंने वार्डों की आंतरिक और मुख्य सड़कों की हालात को देख खराब सड़कों से लोगों को होने वाली परेशानियों को समझा।

काश्यप ने खराब सड़कों को फिर से बनाए जाने के लिए नगर निगम को स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने को कहा। काश्यप ने हर क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट कांक्रीट और मरम्मत के काम की आवश्यकता का आंकलन कर कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण खराब हुई सड़कों का भी काश्यप ने जायजा लेकर सुधारने जाने को कहा। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए जरूरी है कि ऐसी सड़कों का काम प्राथमिकता से अव्वलतौर पर कराया जाए ताकि लोगों को परेशानी ना हो। विधायक काश्यप ने कहा कि वार्डों में निरीक्षण का काम आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी तथा पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया मौजूद रहे। 5.1.2.1.14

प्रभात किरण १४/७/२१

केन्द्रीय गृह मंत्रालय का निर्देश

# कोविड से बचाव के उपायों को सख्ती से लागू करें राज्य

**नई दिल्ली ● 14 जुलाई ( ए )** देश के कुछ हिस्सों विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक परिवहन, दुकानों और मॉल में बढ़ रही भीड़ के मामलों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कोविड से बचाव के सभी एहतियाती उपायों को सख्ती से लागू करने को कहा है।

केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा है कि कोरोना महामारी की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है इसलिए किसी तरह की कोताही या ढिलाई बरतना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आने के साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने चरणबद्ध तरीके से गतिविधि शुरू कर दी हैं लेकिन यह जरुरी है कि इस दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के कारण किसी भी क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने पर वहां तुरंत पाबंदियां लागू करनी होंगी और इसके लिए वह प्रतिष्ठान, परिसर या दुकान आदि को ही जिम्मेदार माना जाएगा। स्वदेश

स्वदेश/ 15/7/21

# कोरोना के दृष्टिगत सेक्टर मेडिकल ऑफिसर का प्रशिक्षण 15 जुलाई को

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले में कोरोना की तीसरी लहर के दृष्टिगत सेक्टर मेडिकल ऑफिसरका प्रशिक्षण 15 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण [illegible]

# हनुमान ताल परिसर में लगाए जाएंगे पांच हजार पौधे

## बेहतर पर्यावरण के लिए कलेक्टर और अन्य अधिकारियों ने किया पौधारोपण

रतलाम। जिले में अधिकाधिक हरियाली के दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा अन्य अधिकारियों द्वारा बुधवार सुबह हनुमान ताल परिसर में पौधारोपण किया गया।

कलेक्टर ने आमजन से जिले में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण की अपील की। उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल ने बताया कि हनुमान ताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग पांच हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। इनमें बोगनवेलिया, क्रोटन, कनेर, गुलाब, चांदनी, मोगरा, मधु, कामिनी, गोल्डन डुरंटा, गुड़हल, ड्रेसिना आदि शामिल हैं। इसके अलावा रोड के दोनों किनारों पर भी शोभायमान पौधे रोपित किए जाना है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, ईई आरइएस अनूप मिश्रा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, परियोजना अधिकारी डूडा अरुण पाठक, नगर निगम इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, हनीफ शेख आदि ने भी पौधे लगाए।



हनुमान ताल क्षेत्र में पौधारोपण करते कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी आदि। ● नईदुनिया



प्राणवायु अभियान के तहत पौधारोपण करती महिलाएं। ● नईदुनिया

### नेशनल हाईवे अथारिटी लगाएगा 10 हजार पौधे

कलेक्टर की पहल पर नेशनल हाईवे अथारिटी भी दस हजार पौधे लगाने वाला है। एनएचएआइ द्वारा शहर के गंगासागर क्षेत्र में स्थित नगर निगम फिल्टर प्लांट परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए बुधवार सुबह कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया।

### कस्तूरबा नगर में ग्राहक पंचायत ने किया पौधारोपण

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा कस्तूरबा नगर स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मेहताब सिंह, प्रांत सचिव मुकेश कौशल, आरआरएस के विभाग कार्यवाह आशुतोष ने पौधारोपण कर उपस्थित नागरिकों तथा ग्राहक पंचायत के सदस्यों को देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। डा. दीनदयाल काकानी, पूर्व पार्षद अरुण राव, ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष अनुराग लोखंडे, सचिव राकेश मिश्रा, पूर्व पार्षद संदीप यादव, सत्येंद्र जोशी, ग्रामीण प्रभारी प्रकाश बंशीवाल, जगदीप चौहान (लाला) आदि उपस्थित अभियान की प्रणेता भावना राजपुरोहित रहेंगी। राजपुरोहित महिला जागृति मंच अध्यक्ष भावना राजपुरोहित ने बताया कि मंच और इनके सभी सदस्य जो शहर व गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही उक्त अभियान के अंतर्गत समय-समय पर जाकर पौधारोपण करेंगे व करवाएंगे।



कस्तूरबा नगर में पौधारोपण करते मेहताबसिंह आदि। ● नईदुनिया



सातरुंडा कंवलका माता मंदिर पहाड़ी क्षेत्र में पौधा लगाते डीएफओ डीएस डोडवे आदि।

### रत्नागिरी विद्यालय परिसर में रोपे पौधे

से पहाड़ी पर कई प्रजाति के पौधे लगाए गए। डीएफओ डीएस डोडवे ने बताया कि सातरुंडा कंवलका माता पहाड़ी क्षेत्र को चारों ओर से हरा भरा किया जाएगा। पहाड़ी पर नीचे से लेकर मंदिर तक सीढ़ियों के आसपास दोनों ओर विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार व फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। रविवार को किए की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। परिसर में फलदार पौधे रोपकर सुरक्षा का संकल्प लिया गया। लक्ष्मण मईड़ा, जनशिक्षक संदीप सालवी, नाहरसिंह डोडियार, एमएल वर्मा, जगदीश, संजय मेहता, भावना पुरोहित, भावना चौहान, रेशमा डोडियार, दीपिका वर्मा, कीर्ति गोस्वामी, प्रभात शर्मा, मोहन खराड़ी, सीता खराड़ी आदि उपस्थित रहे।



रत्नागिरी हाईस्कूल परिसर में पौधारोपण करते शिक्षक। ● नईदुनिया

### अंकुर अभियान में रोपे पौधे

पिपलौदा। नगर परिषद द्वारा शासन



# हनुमान ताल पर हरियाली लाने पांच हजार से अधिक पौधे रोपें जाएंगे

पत्रिका
सोशल
प्राइड

## कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने किया पौध रोपण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले के हरा भरा बनाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने बुधवार सुबह हनुमान ताल परिसर में पहुंचकर पौध रोपण किया। कलेक्टर ने आमजन से भी अपील की है कि जिले में अधिकाधिक हरीतिमा के दृष्टिगत ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। वृक्ष हमारे जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

उपसंचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेल ने बताया कि हनुमान ताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 5 हजार वृक्षों का रोपण किया जाएगा। इनमें बोगनवेलिया, क्रोटन, कनेर, गुलाब, चांदनी, मोगरा, मधु, कामिनी, गोल्डन इरंटा, गुड़हल, ड्रेसिना आदि सम्मिलित है। इसके अलावा रोड के दोनों किनारों पर भी शोभायमान पौधे रोपित किए जाना है।



### नेशनल हाईवे लगाएगा 10 हजार पौधें

रतलाम में चालू वर्षा सत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर नेशनल हाईवे विभाग भी 10 हजार पौधे लगाएगा। नेशनल हाईवे रतलाम शहर के गंगासागर क्षेत्र में स्थित नगर निगम फिल्टर प्लांट परिसर में पौधरोपण करेगा। इसके लिए बुधवार सुबह कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, निगम स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह भी उपस्थित थे।

### इन्होंने भी रोंपे पौधे

पौध रोपण के दौरान हनुमान ताल परिसर पर डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, ईईआरइएस अनूप मिश्रा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया, जिला शिक्षा अधिकश्री के.सी. शर्मा, कार्यर म अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, परियोजना अधिकारी डूडा अरुण पाठक, नगर निगम के इंजीनियर सुरेश व्यास, हनीफ शेख, के.सी. आचार्य, जी.के. जायसवाल ने भी मौजूद रहे औरर पौधे रोपे।

पत्रिका 15/7/21

# चार दिन बाद सात हजार डोज आए थे: मतदान की तर्ज पर शहर में हुआ टीकाकरण



टीकाकरण केंद्र के बाहर वैक्सीन लगवाने महिला और पुरुषों की लंबी कतार।

**रतलाम @ पत्रिका.** जिले में 4 दिनों के बाद बुधवार को टीकाकरण के प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए थे जिसमें 66 मतदान केंद्रों के रहवासियों का वैक्सीनेशन हुआ। कुछ केंद्रों पर हितग्राहियों की कतार लगी नजर आई तो कुछ एक स्थान पर गिनती के लोग नजर आए।

टीकाकरण के इस कार्य को लेकर भी प्रशासन ने पहले डोज के लिए मतदान केंद्रवार टीकाकरण की व्यवस्था की थी। सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित थे और स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए थे। पहले डोज के लिए सभी नागरिक इस व्यवस्था के तहत निर्धारित मतदान केंद्र से संबंधित टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर टीकाकरण करवाया गया। टीकाकरण की यह व्यवस्था मतदान की तर्ज पर ही थी, हितग्राही केंद्र पर अपने साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र अवश्य लेकर आते नजर आए और उनकी जांच पड़ताल के बाद उन्हे टीके लगाए गए।



करमदी में वृद्धा को चलने में परेशानी को देख बाहर आकर लगाया टीका।

## रोटेशनवार टीकाकरण

कलेक्टर के निर्देशानुसार दूसरे डोज के लिए अलग से टीकाकरण केंद्र शहर में स्थापित किए गए थे। यहां पर सिर्फ सेकंड डोज लगवाने वालों की व्यवस्था की गई थी। स्लॉट बुकिंग वाले दो केंद्र जो निर्धारित किए थे, वहां पर स्लॉट बुक वालों का टीकाकरण किया। कलेक्टर ने भी अपील की थी कि टीकाकरण में अनावश्यक भीड़ न करें उसका कुछ जगह असर नजर आया लेकिन कुछ जगह लोग बेवजह की भीड़ लगाते नजर आए तो उन्हे प्रशासन के अमले ने समझाइश देकर रवाना किया।

पत्रिका। 15/7/21

# स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व वार्ड दरोगा का 1 दिन का वेतन काटा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झोन 1, 2 व 3 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कचरा व गंदगी पाये जाने व दोपहर के बाद अधिकरी व कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर नही पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं का 1 दिन का वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए हैं।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया झोन 1 के वार्ड 1 से 13 के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं पाये जाने व कचरे के ढेर पाये जाने तथा दोपहर बाद कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नही पाये जाने पर झोन प्रभारी विनय चौहान व वार्ड के दरोगाओं का एक दिन का काटा गया है। झोन 3 व 4 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्डो में पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं पाये जाने व जगह-जगह कचरे के ढेर पाये जाने पर झोन प्रभारी विराट मेहरा व किरण

**महामारी से मुकाबला** | **केंद्र की राज्यों को एडवायजरी**

# 'जहां कोरोना गाइडलाइन टूटे, वहां फिर लगा दिया जाए लॉकडाउन'

## पालना नहीं हुई तो अफसर जिम्मेदार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कोविड गाइडलाइन के घोर उल्लंघन पर राज्यों को सख्त एडवायजरी जारी की है। केंद्र ने कहा कि हमें खुद पर निगरानी करने की जरूरत है और इसमें जरा भी ढील की गुंजाइश नहीं है। एडवाइजरी में कहा गया है कि जहां भी कोरोना गाइडलाइन टूटे वहां पर फिर से लॉकडाउन की पाबंदियों को लगा दिया जाना चाहिए। हम ये सोचकर अपने व्यवहार में बदलाव नहीं ला सकते कि पॉजिटिविटी रेट गिर रहा है। केंद्र ने राज्यों को यह भी कहा है कि कोविड उपयुक्त व्यवहार के पालन में किसी भी ढिलाई के लिए अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार बनाने के लिए भी कहा।

**प्राइवेट सेंटरों में धीमा टीकाकरण...** प्राइवेट सेंटरों पर टीकाकरण की धीमी रफ्तार पर केंद्र ने चिंता जताई है। बुधवार को हुई बैठक में केंद्र ने कहा, राज्य प्राइवेट सेंटरों के द्वारा रोज को-विन ऐप से टीके की खरीद की समीक्षा करें। बैठक में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पंजाब सहित अन्य राज्यों के स्वास्थ्य सचिव शामिल हुए।

## कुछ राज्यों में आर-फैक्टर बढ़ा

- कुछ राज्यों में आर-फैक्टर (संक्रमण फैलने की वृद्धि दर) बढ़ रहा है। ***आर-फैक्टर में 1.0 से ज्यादा*** की वृद्धि चिंताजनक है।
- कोविड की ***दूसरी लहर अभी खत्म नहीं*** हुई है। हिल स्टेशनों पर भीड़भाड़ बढ़ना ठीक नहीं।
- हॉटस्पॉट के तौर पर ***चिन्हित और संक्रमण फैला*** रहे अन्य स्थानों पर भी कोविड नियमों का पालन सुनिश्चित हो।

### जगह-जगह भीड़ से खतरा

**आर-फैक्टर** से तय होता है कि एक व्यक्ति कितने और लोगों को संक्रमित कर सकता है। आर फैक्टर 1 का मतलब होता है कि संक्रमित शख्स एक व्यक्ति को संक्रमण दे सकता है। भीड़भाड़ से आर फैक्टर बढ़ता है।

**एक हफ्ते में बढ़ा**

**0.95** हुआ आर फैक्टर। एक हफ्ते पहले था 0.89

**0.74** था दो हफ्ते पहले

**1.32** था आर फैक्टर जब अप्रेल में दूसरी लहर के दौरान 4 लाख केस रोज आ रहे थे

## 'देश में टीकों की कमी नहीं, राज्यों के बयान फैला रहे घबराहट'



मनसुख मंडाविया, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि देश में टीकों की कोई कमी नहीं है, लेकिन राज्य सरकारें और कई नेता अपने बयानों से इस बारे में लोगों में घबराहट फैला रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार राज्यों को कितने टीके कब मिलेंगे इस बारे में काफी पहले से जानकारी दे देती है। मंडाविया ने बुधवार को कहा, सरकारी-निजी अस्पतालों को जून में 11.46 करोड़ डोज राज्यों को उपलब्ध कराई गई। जुलाई में डोज को बढ़ाकर 13.50 करोड़ किया है। इसके बावजूद हमें कुप्रबंधन और वैक्सीन के लिए कतारें दिख रही हैं तो यह बिल्कुल स्पष्ट है कि समस्या क्या है और इसकी वजह कौन है।

**कांवड़ यात्रा**

**शीर्ष कोर्ट का स्वत: संज्ञान**

## अनुमति देने पर यूपी सरकार को नोटिस जारी

**लखनऊ.** कांवड़ यात्रा को मंजूरी देने के उत्तरप्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। जस्टिस रोहिंटन नरीमन की पीठ ने कहा, कोरोना काल के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई है। तो उत्तरप्रदेश में किन शर्तों के साथ इजाजत दे दी। तीसरी लहर की आशंका के बीच उत्तरप्रदेश सरकार के फैसले का आधार क्या है।

इस बीच, यूपी के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार कांवड़ यात्रा को लेकर 25 जुलाई से पहले अपनी तैयारी कर लेगी। यात्रा के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन होगा। श्रद्धालुओं की आरटीपीसीआर जांच होगी। सिंह ने कहा यह आस्था का विषय है।

पत्रिका | 15/7/21

# राशन केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में आयुष्मान का बनाने का कार्य प्रगति पर है। राशन केंद्रों पर विशेष शिविर लगाकर कार्ड बनाए जा रहे हैं। आज रतलाम शहर में इस कार्य का एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत ने निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

प्रसारण 15/7/21

# कचरा करने वाले 19 लोगों पर जुर्माना

रतलाम, नप्र। ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, उन पर लगाम लगाए जाने के लिए नगर निगम की ओर से जुर्माना किया जा रहा है। 12 जुलाई को ऐसे उन्नीस लोगों पर जुर्माना ठोंका गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पिछले दिनों कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी और स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के साथ सैलाना रोड सहित आसपास के इलाकों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। आयुक्त ने निरीक्षण दौरान उन्नीस लोगों को दुकानों और घरों के आसपास गंदगी करते पाए जाने पर उन्हें समझाया कि यह नगर अपना खुद का है और इसे गंदा करेंगे तो कैसे काम चलेगा। साफ और सुंदर बनाने में योगदान देने की समझाइश देकर उन पर जुर्माना की कार्रवाई की गई।

**वार्ड प्रभारी को नोटिस:** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड प्रभारी तरुण राठौड़ की परिवीक्षा अवधि छह माह बढ़ाए जाने के लिए कारण बताओ सूचनापत्र जारी किया है। यह नोटिस वार्ड में गंदगी और कचरे के ढेर पाए जाने पर दिया गया। वार्ड में जगह-जगह गंदगी के ढेर और नालियों में गंदगी के साथ सड़कों पर भी जगह-जगह कचरा फैला पाया। निगम आयुक्त झारिया ने वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि की समुचित सफाई के लिए झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षकों को पाबंद किया है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

प्रभात किरण। 14/7/21

# एक हजार मवेशी नगर के बाहर

रतलाम, नप्र। नगर को साफ स्वच्छ व सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम सार्वजनिक जगहों, सड़कों, चौराहों पर खुले रूप से घूमने वाले मवेशियों की धरपकड़ कर रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पता चला कि निगम के मवेशी पकड़ो अभियान के चलते मवेशी पालक दिन में तो मवेशियों को बांधकर रखने लगे हैं, लेकिन रात में खुला छोड़ देते हैं। इसके लिए निगमायुक्त ने निगम स्वास्थ्य विभाग अमले को रात में भी मवेशियों को पकड़ने के निर्देश दिए। निगम ने मवेशी पकड़ो अभियान में अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से एक हजार 68 मवेशियों को पकड़ा जा चुका है। पकड़े गए इन मवेशियों को नगर के बजाय जिले की गौशालाओं में भिजवाया गया है। कल ही दीनदयाल नगर, टाटा नगर, कुंडेश्वर रोड और बाजना बस स्टेंड इलाके से आधा दर्जन से ज्यादा मवेशी पकड़े। विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एस.पी. सिंह के निर्देशन में की जा रही है।

प्रभातकिरण २५/७/२१

# टीके की खातिर : पानी भरी सड़क किनारे लगी कतार, माणकचौक सेंटर पर बूथ के लोग नहीं आए तो वार्ड के लोगों को लगाए टीके, फिर भी 50 डोज बचे, इसे दूसरे सेंटरों पर पहुंचाया



**रतलाम |** यह नजारा लक्ष्मणपुरा स्थित रामकला सभागृह का है। यहां पानी और कीचड़ से भरी सड़क के किनारे वैक्सीन लगवाने वालों की कतार को देखकर हर कोई चौंक गया। इसी सड़क से वाहन भी निकल रहे थे, ऐसे में लोग खुद को उछलते पानी से बचाते नजर आए। बहरहाल, बुधवार को चार दिन बाद शहर में वैक्सीनेशन हुआ। प्लानिंग में बदलाव किया गया था जिसका असर भी साफ दिखा है। केंद्रों पर विवाद की नौबत नहीं बनी, वहीं, वैक्सीन के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। शाम तक 7,700 लोग वैक्सीनेटेड हुए हैं।

**ग्रामीण के लोग केंद्रों पर भटकते रहे, माणकचौक में कम लोग आए** : ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी वैक्सीनेशन के लिए पहुंचे। हालांकि बूथवार सिस्टम होने से उन्हें केंद्रों से निराश ही लौटना पड़ा। माणकचौक में बूथ के लिए 300 वैक्सीन थी लेकिन लोग नहीं पहुंचे। ऐसे में वार्ड के लोगों को वैक्सीन लगाई गई। बावजूद 50 डोज बच गए, जो शेरानीपुरा जमातखाने में भिजवाए।

# कोरोना मुक्ति एवं कोविड अनुकूल व्यवहार प्रशिक्षण निरंतर जारी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम में युवा शक्ति करोना मुक्ति एवं कोविड अनुकूल व्यवहार तथा वैक्सीनेशन जागरूकता हेतु शासन के निर्देशानुसार प्रतिदिन छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. आर.के. कटारे ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव द्वारा इस अभियान का ऑन लाईन उद्घाटन किया गया एवं कोविड संदेश ऐप लांच किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को कोरोना मुक्ति अभियान एवं वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान से जोड़ना है। इस हेतु उन्हे प्रशिक्षित किया जा रहा है। यहां से प्राप्त जानकारी वे जनमानस तक पहुंचायेंगी। यह प्रशिक्षण कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर दिया जा रहा है। महाविद्यालय के मास्टर्स ट्रेनर डॉ. अनामिका सारस्वत एवं प्रो. नारायण विश्वकर्मा द्वारा सभी प्राध्यापको को पी.पी.टी के माध्यम से कोविड अनुकूल व्यवहार तथा वैक्सीन के संबंध में भ्रांतियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया तथा अब प्राध्यापको के द्वारा कक्षावार ( शासन के निर्देशानुसार अधिकतम 50 छात्राओं को ) दो सत्रों में एक -एक घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें उन्हे सामाजिक दूरी, मास्क सही तरीके से पहनना, हाथो को बार -बार धोना या सेनेटाइज करना, वैक्सीनेशन के बारे में जागरूक करना, वैक्सीन के संबंध में भ्रातियां व उसके निराकरण के बारे में विस्तृत रूप से बताया जा रहा है एवं ये प्रशिक्षित छात्राएं प्राप्त जानकारी अपने परिवार, रिश्तेदार, गांव, मोहल्लो में अन्य नागरिको तक पहुंचा रही है, जिससे कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचा जा सके । एवं 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके ।

अभी तक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं तथा स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राए प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है।

विगत 27 दिवस तक संचालित प्रशिक्षण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. कटारे वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश कटारिया, प्रो. सुषमा कटारे, डॉ. अनिल जैन, डॉ. सुरेश चौहान, डॉ. सुनीता श्रीमाल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निलोफर खामेशी समस्त विभागाध्यक्ष प्राध्यापकगण अतिथि विद्वान कार्यालयीन स्टाफ एवं शिवप्रकाश पुरोहित निशांक जोशी द्वारा सहयोग दिया गया।

प्रसारण

प्रसारण 15/7/21

# कर्मचारियों को जल्द डीए दे सकती है प्रदेश सरकार

**भोपाल (ब्यूरो)।** केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ने के बाद राज्य सरकार पर भी डीए बढ़ाने का दबाव बन गया है। इसे देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि सरकार जल्द ही इस संबंध में निर्णय ले सकती है।

यदि राज्य के कर्मचारियों का पांच फीसद डीए बढ़ाया जाता है, तो सरकार पर सालाना 1250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। प्रदेश में करीब 14 लाख (नियमित अधिकारी कर्मचारी, अध्यापक से नियमित संवर्ग में आए कर्मचारी और स्थाई कर्मी) कर्मचारी हैं। इन्हें वर्तमान में 12 फीसद डीए मिल रहा है, जबकि बुधवार को केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों का डीए 17 से बढ़ाकर 28 फीसद कर दिया है। प्रदेश के इन कर्मचारियों का डीए दो साल से नहीं बढ़ा है।

इसे लेकर तमाम कर्मचारी संगठन नाराजगी जताते रहते हैं। मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के नेता अरुण द्विवेदी ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है। ऐसे में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 11 फीसद बढ़ने से राज्य सरकार के सामने संकट खड़ा हो गया है। सूत्र बताते हैं कि अब सरकार जल्द ही डीए बढ़ाने का निर्णय ले सकती है। हालांकि डीए कितने फीसद बढ़ेगा, यह सरकार अपनी आर्थिक स्थिति देखकर तय करेगी। प्रदेश की मौजूदा वित्तीय स्थिति देखते हुए ज्यादा वृद्धि के आसार नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कमल नाथ सरकार ने जुलाई 2019 में पांच फीसद वृद्धि कर प्रदेश के कर्मचारियों का डीए 17 फीसद किया था। इसका भुगतान मार्च 2020 से होना था, पर प्रदेश के राजनीतिक संकट और फिर कोरोना संक्रमण की वजह से समय से भत्ता नहीं दिया गया।

नईदुनिया 15/7/21

### विश्व जनसंख्या दिवस पर ऑनलाइन परिचर्चा आयोजित हुई

# जनसंख्या के बढ़ते आंकड़े डराने वाले, नियंत्रण के लिए कठोर कानून जरूरी- डॉ. चांदनीवाला

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

देश और पूरे विश्व की बढ़ती हुई आबादी ने समाजशास्त्रियों तथा सरकार के होश उड़ा दिए, जिस रफ्तार से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है वह अत्यंत चिंताजनक है। आबादी के अनुपात के हिसाब से उचित प्रबंधन के लिए संसाधनों की कमी महसूस होने लगी है। वैश्विक महामारी कोरोना ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। विशेष कर भारत जैसे देश में चिंतित होना स्वाभाविक है, जहां हम अन्य विकसित देशों की तुलना में अत्यंत पिछड़े हुए हैं। वहां यह आंकड़े डराने वाले हैं भारत जैसे देश में जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए कठोर कानून की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता में भी मनमुटाव पैदा होता है। इसी विषय को लेकर शहर की अग्रणी संस्था शिक्षक सांस्कृतिक संगठन विश्व जनसंख्या दिवस पर शिक्षाविद बुद्धिजीवियों की ऑनलाइन परिचर्चा आयोजित की।

प्रसिद्ध शिक्षाविद साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला ने कहा कि आजादी के पूर्व भारत देश की आबादी 35 करोड़ थी, आज हम डेढ़ सौ करोड़ के आंकड़े को छूने वाले हैं जो हमारे लिए चिंताजनक तो है ही किसी भी सरकार के लिए यह बहुत बड़ी चुनौती है। जनसंख्या के नियंत्रण के लिए सामाजिक चेतना आवश्यक है भारत जैसे बहुत धर्मों तथा संस्कृतियों के देश में लोगों को इसके नियंत्रण के लिए तैयार करना अत्यंत नाजुक और संवेदनशील मुद्दा है। आबादी का यह महाकुंभ कहां जाकर थमेगा पता नहीं? लेकिन इसके लिए हमारे संसाधनों की सांस फूल गई है, सरकारें हांफने लगी है और व्यवस्था चरमराने लगी है यह स्वाभाविक है। जन महाकुंभ का संचालन करना उनके मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना अत्यंत कठिन है, इसके लिए जल्द से जल्द कड़े उपाय सरकार को करना होंगे।

## प्रतिनिधियों को आगे आना होगा

संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि सरकार के साथ-साथ विभिन्न धर्मों के प्रमुख और समाजसेवियों को सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आगे आना होगा। इसे जन आंदोलन बनाकर लोगों को जागृत करना होगा कि यह समस्या किसी व्यक्ति, समाज की नहीं अपितु राष्ट्रव्यापी है जिसका निदान अत्यंत आवश्यक है । यह कठोर कानून लाकर के ही नियंत्रित की जा सकती है जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा।

पूर्व प्राचार्य गोपाल जोशी ने कहा कि वैसे तो हम कई समस्याओं से जूझ रहे लेकिन अन्य समस्याओं की जड़ जनसंख्या पर ही निर्भर है। बढ़ती हुई आबादी समस्याओं को सुलझाने में सबसे बड़ी बाधक है । शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाएं इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होती है जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून को सरकार को लाना चाहिए ।

राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्राचार्य आर.एन. केरावत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए कठोर कानून लाना आवश्यक है। शासकीय सुविधाओं से तथा अन्य सुविधाओं का लाभ ले रहे लोगों को इससे वंचित करना होगा तभी इसके अच्छे परिणाम आएंगे।

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. सुलोचना शर्मा ने कहा कि एक देश एक संविधान वहां इस तरह की विसंगति नहीं होना चाहिए हमें धर्म जाति और संप्रदाय से ऊपर उठकर सोचते हुए इसके लिए आवश्यक जरूरी और कठोर कदम उठाना होंगे तभी इस समस्या का समाधान संभव है। सपाक्स आंदोलन के प्रणेता राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हम समस्याओं को बढ़ने देने का इंतजार करते हैं यही हमारी सबसे बड़ी समस्या है। इस गंभीर मुद्दे के प्रति हम सब आंख मूंदकर खड़े हैं जो आने वाली पीढ़ी के लिए अत्यंत भयानक होगी, हमें चेतना होगा लोगों को जगाना होगा, सहजता से या कठोरता से । दशरथ जोशी ने कहा सरकार हम दो हमारे दो नारे का अनुसरण कर सभी जाग्रत करने हेतु जन जाग्रति की आवश्यकता है।

भारती उपाध्याय, वीणा छाजेड़, प्रतिभा चांदनीवाला, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तोगड़े, पूर्व अध्यक्ष कृष्णचंद्र ठाकुर, रमेश परमार, देवेंद्र वाघेला शिवगढ़, रमेश उपाध्याय, श्याम सुंदर भाटी, रक्षा के कुमार, चंद्रकांत वाफगावंकर, नरेंद्रसिंह राठौड़, मिथिलेश मिश्रा, अनिल जोशी, मदन लाल मेहरा मनोहर प्रजापति, बीके जोशी, आरती त्रिवेदी, पूर्व प्राचार्य ओपी मिश्रा, कविता सक्सेना, उत्सव लाल सालवी आदि ने भाग लिया। संचालन दिलीप वर्मा तथा आभार रक्षा के कुमार ने व्यक्त किया ।

स्वदेश 15/7/21

# शहर में उचित मूल्य दुकान पर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

## आज 4 वार्डों में शिविर, पहले दिन 199 कार्ड बने

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे। पहले दिन लगे शिविर में 199 कार्ड बनाए गए। गुरुवार को 4 वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विशेष शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उचित मूल्य की दुकान के कुल राशन कार्ड व सदस्यों की जानकारी ली कहा कि उचित मूल्य की दुकानों के संबंधित वार्डों में प्रचार प्रसार करें। सूची अनुसार हितग्राहियों को फोन लगाकर बुलाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए। 15 जुलाई को वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित 61, रिटायर्ड कालोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार, वार्ड क्र. 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भंडार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्र. 3 में पूजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित व वार्ड क्र. 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित इंद्रलोक नगर में शिविर लगाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए समग्र आईडी, आधार कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची के साथ अपने वार्ड की उचित मूल्य की दुकानों पर संपर्क कर कार्ड बनवा सकते हैं।

दै. भास्कर 15/7/21

# आयुष्मान कार्ड बनाने कार्य जारी

मथुरी. ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र पर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम के सहायक सचिव जितेंद्र भाभर ने बताया शासन की योजना के अंतर्गत पात्र 9 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। 

# राशन दुकानों पर बनने लगे आयुष्मान कार्ड, एसडीएम पहुंचे



**रतलाम.** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के काम ने गति पकड़ ली है। राशन केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की वस्तु स्थिति को पता लगाने के लिए रतलाम शहर में एसडीम अभिषेक गहलोत पहुंचे। ... पुरुषोत्तम ने लोगों को राहत प्रदान कर कार्ड बनवाने में उनकी मदद के लिए राशन दुकानों पर ही इस प्रक्रिया की शुरुआत कर दी जिसके चलते लोगों को अब भटकना भी नहीं पड़ रहा है और उनके कार्ड आसानी से बनने लगे हैं। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में भी कई

# कलेक्टर, अधिकारियों ने हनुमान ताल परिसर में पौधारोपण किया

रतलाम। हनुमान ताल परिसर में बुधवार सुबह पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान कलेक्टर सहित कई अधिकारी मौजूद थे। ताल परिसर क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। साथ ही नागरिकों से भी

**▸ ताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 5 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा**

अधिक- से अधिक पौधे लगाने की अपील भी अधिकारियों द्वारा की गई।

जिले में अधिकाधिक हरियाली के दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा अन्य अधिकारियों द्वारा बुधवार सुबह हनुमान ताल परिसर में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आम नागरिकों से भी अनुरोध किया कि जिले में अधिकाधिक हरीतिमा के दृष्टिगत ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। वृक्ष हमारे जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल ने बताया कि हनुमान ताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 5 हजार वृक्षों का रोपण किया जाएगा। इनमें बोगनवेलिया, क्रोटन, कनेर, गुलाब, चांदनी, मोगरा, मधु, कामिनी, गोल्डन डूरंटा, गुड़हल,





ट्रेमिंना आदि सम्मिलित है। इसके अलावा रोड के दोनों किनारों पर भी शोभायमान पौधे रोपित किए जाना है।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, ईईआरइएस अनूप मिश्रा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, परियोजना अधिकारी डूडा अरुण पाठक, नगर निगम के इंजीनियर सुरेश व्यास, हनीफ शेख, केसी आचार्य, जीके जायसवाल ने भी वृक्षारोपण किया।

## नेशनल हाईवे लगाएगा 10 हजार पौधे

रतलाम में चालू वर्षा सत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर नेशनल हाईवे डिपार्टमेंट भी 10 हजार पौधे लगाने वाला है। नेशनल हाईवे रतलाम शहर के गंगासागर क्षेत्र में स्थित नगर निगम फिल्टर प्लांट परिसर में वृक्षारोपण करेगा। इसके लिए बुधवार प्रातः कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह भी उपस्थित थे।



नवभारत 15/7/21

**सबसे बड़ी आपदा का दौर** • तीसरी लहर से पहले संस्था को सक्रिय करने की जरूरत, तीन साल से भंग रेडक्रॉस, चेयरमैन का चुनाव भी जरूरी

# कोरोना की दो लहर गुजरी, तीन कलेक्टर बदले... फिर भी आपदा प्रबंधन की बड़ी संस्था रेडक्रॉस निष्क्रिय, स्वास्थ्य सुविधाओं पर लगातार पड़ रहा असर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की दो लहर गुजर चुकी है... इस दौरान तीन कलेक्टर भी बदल गए हैं लेकिन आपदा प्रबंधन के लिए बनी विशेष संस्था रेडक्रॉस ही निष्क्रिय पड़ी है। रेडक्रॉस सोसायटी 3 साल से भंग है लेकिन अब तक ना ही चुनाव हुए हैं ना ही किसी अन्य तरीके से संस्था के पुराने लोगों को सक्रिय किया गया है।

7 अगस्त 2018 को आखिरी समिति को भंग कर दिया था। जल्द ही चुनाव होने वाले थे लेकिन मामला आज भी वहीं अटका हुआ है। सोसायटी का ये हाल तब है जब इसमें कई प्रशासनिक अधिकारी पदेन पदाधिकारी होते हैं। पदेन अध्यक्ष खुद कलेक्टर रहते हैं। बस, सोसायटी का चेयरमैन चुनाव होता है। जबकि कोविड से निपटने के लिए कई अन्य वॉलेंटियर भी तैयार किए जा रहे हैं। तीसरी लहर से पहले रेडक्रॉस से जुड़े लोगों को सक्रिय करना जरूरी है।

## रेडक्रॉस का असर... कार्डियक एम्बुलेंस, टीबी हेल्पलाइन, सोनोग्राफी पर भी

• **सोनोग्राफी :** जिले में रेडक्रॉस के पास सोनोग्राफी मशीन है। अब तक 42 हजार सोनोग्राफी कर चुके हैं। सिर्फ 200 रुपए में रेडक्रॉस में सोनोग्राफी होती थी जो बंद है।

• **टीबी वार्ड :** टीबी वार्ड में रेडक्रॉस ने हेल्पलाइन बनाई थी। इनमें ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य इंस्ट्रूमेंट रहते थे। जरूरतमंद को मदद के लिए दिए जाते थे, इसकी राशि नहीं लेते थे।

• **कार्डियक एम्बुलेंस :** रेडक्रॉस ने 28 लाख रुपए से कार्डियक एम्बुलेंस खरीदी थी। सोसायटी भंग होने के बाद संचालन बिगड़ गया। अप्रैल 2018 में वेंटिलेटर खराब हो गया। जुलाई में समाजसेवियों ने 84 हजार रुपए दिए तब सितंबर 2018 में वेंटिलेटर सुधर सका था। एम्बुलेंस की व्यवस्था इसके बाद भी नहीं सुधरी, पूर्व चेयरमेन महेंद्र गादिया ने इसे लेकर कलेक्टर से भी मुलाकात की।

• रैबीज के इंजेक्शन और डायलिसिस का पंप रेडक्रॉस आधी कीमत में उपलब्ध करवाता था।

• दानदाता से रुपए इकट्ठा करने के लिए यह सोसायटी आगे रहती थी। इन्हीं रुपयों से प्रकल्प चलते थे।

**रेडक्रॉस का सक्रिय होना जरूरी :** *कोरोना में रेडक्रॉस का सक्रिय होना बहुत जरूरी है। कलेक्टर से मुलाकात की है। ब्लड बैंक संचालित करने का भी कहा है। इसमें फंड की दिक्कत नहीं आने देंगे। बंद सोनोग्राफी शुरू करने को लेकर भी कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा है।* **महेंद्र गादिया,** पूर्व चेयरमैन, रेडक्रॉस

## कोरोना काल में तीन कलेक्टर बदल गए



• **रुचिका चौहान - (3 अप्रैल 2018 से 21 अगस्त 2020) :** इनका लंबा कार्यकाल रहा। रेडक्रॉस की समिति इनके कार्यकाल में ही भंग हो गई थी। इसके बाद चुनाव नहीं हुए। जब कोरोना की पहली लहर आई थी, तब कार्यकाल जारी था।



• **गोपाल चंद्र डाड - (24 अगस्त 2020 से 8 मई 2021) :** रेडक्रॉस निष्क्रिय सा ही रहा। जब कोरोना की दूसरी आई थी, तब इनका कार्यकाल रहा। रेडक्रॉस के पुराने पदाधिकारियों ने मुलाकात कर चर्चा भी की।



• **कुमार पुरुषोत्तम - (9 मई 2021 से अब तक) :** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम आए। अब संक्रमण काबू में आ चुका है। पूर्व पदाधिकारियों का कहना है चुनाव नहीं हो सकते, लेकिन संस्था को प्लानिंग से सक्रिय करना चाहिए।

दै. भास्कर 15/7/21



# विधायक काश्यप ने किया कॉलोनी आंतरिक सड़क व मुख्य मार्गों का निरीक्षण

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम । विधायक चैतन्य काश्यप ने शहर की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने वार्डों में पहुंचे। उन्होंने वार्ड क्रमांक.1 से सुबह निरीक्षण आरम्भ कर देर शाम तक 22 वार्डों में नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुर्ननिर्माण हेतु स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत? शहर में 126 किण्मीण् सड़कों का निर्माण किया जाना है।

विधायक चैतन्य काश्यप ने कॉलोनीए मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरणए सीमेंट. कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने नाले नालियों बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना कर वर्षाकाल को देखते हुए जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। विधायक श्री काश्यप द्वारा वार्डों में निरीक्षण का कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारियाए सहायक यंत्री श्याम सोनीए पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया मौजूद रहे।

स्वतंत्र एलान 15/7/21

## तीसरी लहर से निपटने के लिए आज मेडिकल ऑफिसर को देंगे ट्रेनिंग

रतलाम | कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियां तेज हो रही हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर अब मेडिकल ऑफिसर को ट्रेनिंग दी जा रही है। सेक्टर मेडिकल ऑफिसर की ट्रेनिंग 15 जुलाई को होगी। अजंता पैलेस होटल में दोपहर 1 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग के बाद सेक्टर मेडिकल ऑफिसर ब्लॉक स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।

नईदुनिया 15/7/21

## लगातार चौथे दिन एक भी नया पाजिटिव नहीं

रतलाम। जिले में लगातार चौथे दिन बुधवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। तीन मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 10 है। जिले में अब तक 17497 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17176 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

## बैठक 15 जुलाई को

रतलाम. आगामी त्योहारों के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 15 जुलाई को शाम 5 बजे न्यू पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम में आयोजित की जाएगी। पत्रिका।

पत्रिका 15/7/21

## पौधारोपण किया

रतलाम ● जिले में अधिकाधिक हरियाली को दृष्टिगत हनुमान ताल पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित अधिकारियों द्वारा बुधवार सुबह पौधारोपण किया गया। उप संचालक उद्यानिकी ने बताया कि हनुमान ताल परिसर में पांच हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। चालू वर्षा सत्र में वृहद स्तर पर पौधारोपण होगा। कलेक्टर की पहल पर नेशनल हाईवे डिपार्टमेंट भी दस हजार पौधे लगाने वाला है। इसके साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी व्यापक रूप से पौधारोपण होगा।

स्वदेश

स्वदेश 15/7/21

# कोरोना पर सख्त हुई सरकार

**होम मिनिस्ट्री ने कहा**

## नहीं मान रहे लोग तो फिर से लगा दें 'लॉक डाउन'

### केंद्र ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी, दिए सख्ती बरतने के निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका और कई राज्यों में कोरोना नियमों के उल्लंघन को लेकर केंद्र सरकार ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। केंद्रीय गृह सचिव ने राज्यों को लिखे पत्र में कोरोना नियमों के उल्लंघन को लेकर सख्त कदम उठाने को कहा है। केंद्र सरकार ने हिल स्टेशनों पर लोगों की बढ़ती भीड़ और कोरोना गाइडलाइन्स के उल्लंघन पर चिंता व्यक्त की है। एडवाइजरी में राज्यों को कोविड के उचित व्यवहार से जुड़े नियमों को लागू करने को लेकर किसी भी ढिलाई के लिए अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार बनाने के लिए भी कहा गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की तरफ से भेजी गई एडवाइजरी में कहा गया है कि यदि किसी प्रतिष्ठान/परिसर/बाजार आदि में कोविड-19 के उचित व्यवहार के मानदंडों को बनाए नहीं रखा जाता है, तो ऐसे स्थान कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए प्रतिबंधों को फिर से लागू करने की जिम्मेदारी होगी। ऐसे में नियमों के पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ भी संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई राज्यों में पर्यटकों की बढ़ती भीड़ पर चिंता जता चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा था कि घूमने की जगहों, हिल स्टेशन और बाजारों में बड़ी संख्या में बिना मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करते हुए भीड़ का उमड़ना चिंता की बात है।



प्रभात। 15/7/21

और । अंत में

भीड़ रोकने के लिए कलेक्टर ने सेंटर बनाए

# वार्डवार मतदान केन्द्रों को कोरोना 'टीका'

**रतलाम, नप्र। आज शहर में टीककरण के लिए तीन तरह के सेंटर बनाए गए हैं। पहले टीका मतदान केन्द्रवार लगाया जाएगा, जबकि दूसरे टीके के लिए पांच जगह तय की गई है।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम नागरिकों से अपील की है कि पहले सेंटर में रतलाम शहर में होने वाले टीकाकरण के लिए पांच केन्द्र बनाए गए हैं, दूसरे सेंटर में स्लॉट बुकिंग के लिए दो जगह तय की गई है। पहले डोज के लिए सभी नागरिक अपने मतदान केन्द्र के टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। अपने साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र जरूर लेकर जाएं। तीसरे सेंटर में दूसरे डोज के लिए अलग से टीकाकरण केंद्र बनाए गए है। यहां कोई भी व्यक्ति किसी भी टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर दूसरा टीका लगवा सकता है। इसी प्रकार स्लॉट बुकिंग वालों के लिए भी दो केन्द्र तय है। वे उसी केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। कलेक्टर पुरुषोत्तम ने नागरिकों से अपील की है कि टीकाकरण में बेवजह भीड़ न करें और इंतजाम के अनुरूप ही टीकाकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि टीकाकरण की व्यवस्था आगे भी लागू रहेगी। सभी वार्डों में रोटेशनवार टीकाकरण किया जाएगा। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रवार टीकाकरण किया जा रहा है। जिस मतदान केन्द्र पर मतदाता का नाम है उसी मतदान केन्द्र पर उस मतदाता को टीका लगाया जा रहा है।

टीकाकरण स्थल पर मौजूद बीएलओ उनके एपिक कार्ड से मिलान कर टीकाकरण करवा रहे है। सभी वार्ड एवं मतदान केन्द्रों के लिए रोटेशन के आधार पर टीकाकरण आगामी दिनों में किया जाएगा इसलिए अन्य वार्ड के या अन्य मतदान केन्द्र के व्यक्ति टीकाकरण के लिए अपने मतदान केन्द्र के अलावा दूसरे मतदान केन्द्रों पर नहीं जाएं। शहर में प्रथम डोज के लिए 13 स्थल तय किए है जहां 66 केन्द्रों के लोगों को टीका लगेगा।

**पांच जगह सेकंड डोज-** सेकंड डोज का टीका भी पांच जगहों पर लग रहा है स्लॉक बुक पर आईएमए हॉल राजेन्द्रनगर तथा लायंस हॉल पर टीका लग रहा है।

## तेरह जगह प्रथम डोज

रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए कुल तेरह जगह तय किए गए है। इन जगहो पर 66 मतदान केन्द्रों के रहवासियों को पहला टीका लगाया जा रहा है। इनमें वार्ड क्रमांक 1 के 6 मतदान केन्द्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा , वार्ड क्रमांक 4 के 6 मतदान केन्द्रों के लिए गुरु रामदास स्कूल, वार्ड क्रमांक 8 के 10 मतदान केन्द्रों के लिए प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड क्रमांक 11 के 6 मतदान केन्द्रों के लिए बोबी स्कूल डोंगरेनगर, वार्ड क्रमांक 14 के 5 मतदान केन्द्रों के लिए सरस्वती स्कूल काटजू नगर, ,वार्ड क्रमांक 17 के तीन मतदान केन्द्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोदरोड, वार्ड 21 के तीन मतदान केन्द्रों के लिए सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड 27 के 6 मतदान केन्द्रों के लिए जमातखाना शेरानीपुरा, वार्ड 28 के 4 मतदान केन्द्रों के लिए मांगलिक भवन दिलीप नगर, वार्ड 31 के 4 मतदान केन्द्रों के लिए काजीखान मस्जिद, वार्ड 34 के 4 मतदान केन्द्रों के लिए उजाला पैलेस, वार्ड 41 के 3 मतदान केन्द्रों के लिए माणकचौक स्कूल तथा वार्ड 47 के 5 मतदान केन्द्रों के लिए मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा है।

प्रभातकिरण 14/7/21



# विधायक काश्यप ने किया कॉलोनी की आंतरिक सड़क व मुख्य मार्गों का निरीक्षण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

विधायक चैतन्य काश्यप ने शहर की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने वार्डों में पहुंचे। उन्होंने वार्ड क्रमांक-1 से सुबह निरीक्षण आरम्भ कर देर शाम तक 22 वार्डों में नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में 126 किमी सड़कों का निर्माण किया जाना है।

विधायक चैतन्य काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना कर वर्षाकाल को देखते हुए जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है, वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। विधायक श्री काश्यप द्वारा वार्डों में निरीक्षण का कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया मौजूद रहे।

स्वदेश 15/7/21

# दूसरी लहर की सीख... राज्य में दो लाख इंजेक्शन, 11 करोड़ टैबलेट का स्टॉक, 5 हजार डॉक्टर-नर्स की भर्ती होगी

अनिल गुप्ता | भोपाल

कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने के लिए राज्य सरकार ने दो लाख इंजेक्शन, करीब 11 करोड़ टैबलेट का बफर स्टॉक कर लिया है। साथ ही सितंबर तक पांच हजार से अधिक डॉक्टर-नर्स और मेडिकल स्टाफ की भर्ती कर रहे हैं। यह अनुमान दूसरी लहर के आधार पर लगाया गया है, जब रोजाना मिलने वाले मरीजों की संख्या का पीक 13 हजार 417 तक पहुंच गया था। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह स्टॉक काफी है? तीसरी लहर में यदि लापरवाही बढ़ती है तो विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह पीक 15 हजार केस प्रतिदिन तक जाएगा, ऐसे में स्टॉक बमुश्किल एक महीने ही चल पाएगा। लेकिन स्वास्थ्य विभाग दावा कर रहा है कि कई कंपनियों के साथ एग्रीमेंट कर लिया है। जब चाहेंगे इंजेक्शन और दवा मिल जाएगी। एग्रीमेंट मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जरिए किया गया है। ऑक्सीजन प्लांट को लेकर सरकार की चिंता जरूर है, क्योंकि करीब डेढ़ सौ में से अभी तक 27 ही लग पाए हैं।

## ...लेकिन ऑक्सीजन प्लांट 150 लगने थे, 27 ही लगे

### टैबलेट... सबसे ज्यादा सिट्राजिन खरीदी

| | | |
|---|---|---|
| एजिथ्रोमाइसिन | 500 एमजी | 30.37 लाख |
| एस्कोर्बिक एसिड | (विटामिन सी) | 122.27 लाख |
| सिट्राजिन | 10 एमजी | 318.03 लाख |
| मल्टीविटामिन | ---- | 263.15 लाख |
| पैरासिटामोल | 500 एमजी | 93.92 लाख |
| रेनिटिडिन | 150 एमजी | 236.48 लाख |
| आइवरमेक्टिन | यूएसपी (6 एमजी) | 17.30 लाख |
| फेविपिराविर | 200/400 एमजी | 28 हजार 820 |

### इंजेक्शन

| 1.50 लाख | 50 हजार | 1000 |
|---|---|---|
| रेमडेसिविर इंजेक्शन | आरती लाइपोसोमल एम्फोटेरेसिन बी | वॉयल्स टॉसिलिजुमैब |

### नए अनुबंध के तहत अक्टूबर से ये एंबुलेंस मिलेंगी

| | |
|---|---|
| एडवांस लाइफ सपोर्ट | 167 |
| बेसिक लाइफ सपोर्ट | 835 |
| जननी एक्सप्रेस | 1050 |

### सितंबर तक की जाने वाली रिक्त पदों पर भर्ती

| | |
|---|---|
| विशेषज्ञ | 904 |
| चिकित्सा अधिकारी | 1442 |
| दंत चिकित्सा अधिकारी | 68 |
| एएनएम | 2913 |
| मेल स्टाफ नर्स | 222 |
| अस्पताल प्रबंधक | 68 |

(मई 2021 तक 1020 स्टाफ नर्स और 429 पैरामेडिकल स्टाफ के पद भरे गए हैं।)

अब तक भोपाल में छह बच्चों को लगे रेमडेसिविर

## तीन साल से बड़े बच्चों को भी लग सकेगा रेमडेसिविर, वजन के हिसाब से बढ़ेगी डोज

रोहित श्रीवास्तव | भोपाल

कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमित बच्चे की सेहत बिगड़ने पर उसे रेमडेसिविर इंजेक्शन भी दिया जा सकेगा। लेकिन, इंजेक्शन का डोज बच्चे का इलाज कर रहे डॉक्टर उसके वजन के आधार पर तय करेंगे। डब्ल्यूएचओ और आईसीएमआर की ट्रीटमेंट गाइडलाइन को 28 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्रालय मंजूरी दे चुका है। इसी के मुताबिक हमीदिया अस्पताल में दूसरी लहर में भर्ती हुए 150 बच्चों में से तीन संक्रमितों और चिरायु में 250 में से तीन बच्चों को रेमडेसिविर इंजेक्शन लगाए गए। इनकी उम्र साढ़े तीन साल से 13 साल तक थी। गांधी मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव ने बताया कि 144 बच्चे जल्द स्वस्थ हो गए थे।

### बच्चों का वजन 6 किलो तो 30 एमजी डोज

- **बच्चों को रेमडेसिविर इंजेक्शन का क्या पूरा कोर्स कराना होता है?**
- बच्चों के लिए अलग से कोई इंजेक्शन नहीं आता। उन्हें 5 एमजी प्रति किलोग्राम वजन के हिसाब से डोज दिया जाता है। पहले 12 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को रेमडेसिविर देने की गाइडलाइन थी। अब 5 साल और उससे ज्यादा उम्र के बच्चों को लगाने की।
- **संक्रमित बच्चों के इलाज में कौन-कौन सी दवाएं दी गईं?**
- इन बच्चों का इलाज एंटीबायोटिक, फीवर, कफ, कोल्ड की सामान्य दवाओं के सहारे किया गया। ऑक्सीजन थैरेपी भी दी गई।
- **बच्चों को क्या एक भी एंटी वायरल दवा नहीं दी गई?**
- संक्रमण बढ़ने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। केवल 3 बच्चों को एंटी वायरल इंजेक्शन रेमडेसिविर दिया गया।
- **संक्रमित बच्चों के इलाज में सबसे ज्यादा जरूरत किस दवा की होगी?**
इसका कोई सेट फॉर्मूला अथवा प्रिस्क्रिप्शन नहीं है। एंटीबायोटिक, कफ कोल्ड, बुखार की ही दवाओं से संक्रमित बच्चों का इलाज करेंगे।

# कलेक्टर पहुंचे बंजली में निरीक्षण करने



4 पेज

रतलाम. शहर में पौधारोपण के दौरान कलेक्टर पुरुषोत्तम सुबह बंजली स्थित प्रधानमंत्री आवास के चल रहे निर्माण कार्यों को देखने भी पहुंचे। इस दौरान काम की डिजाइन को देखा व निर्माण कार्य की गति को तेज करने को कहा। कार्य की गुणवत्ता देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ पीएम आवास योजना के सुरेशचंद्र व्यास भी उपस्थित रहे।

पत्रिका | 15/7/21



# विधायक ने किया कॉलोनी आंतरिक सड़क व मुख्य मार्गों का निरीक्षण

प्रसारण न्यूज • रतलाम

विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने वार्डों में पहुंचे। उन्होंने वार्ड क्रमांक-1 से सुबह निरीक्षण आरम्भ कर देर शाम तक 22 वार्डों में नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुर्ननिर्माण हेतु स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में 126 कि.मी. सड़कों का निर्माण किया जाना है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया।

श्री काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना कर वर्षाकाल को देखते हुए जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। विधायक श्री काश्यप द्वारा वार्डों में निरीक्षण का कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया मौजूद रहे। प्रसारण

प्रसारण 15/7/21

## रोजगार मेले का आयोजन होगा

रतलाम. जिला मुख्यालय पर आगामी दिनों रोजगार मेले प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाने वाला है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों जैसे ट्रेनी कस्टमर केयर, एग्जीक्यूटिव रिलेशनशिप की भर्ती में रोजगार के अवसर मिलेंगे। आईटीआई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार ने बताया कि ऐसे बेरोजगार आवेदक जो कक्षा 8वीं, 10 वीं, 12 वीं किसी भी विषय में स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण है तथा जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य है और मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में कार्य करने के इच्छुक हैं, वे बेरोजगार आवेदक गूगल फॉर्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी योग्यता सहित आगामी 22 जुलाई तक आवेदन पत्र अपलोड कर सकते हैं। रोजगार के अवसर के आयोजन की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## मेडिकल ऑफिसर का प्रशिक्षण आज

रतलाम. जिले में कोरोना की तीसरी लहर के दृष्टिगत सेक्टर मेडिकल ऑफिसरका प्रशिक्षण 15 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रशिक्षण दोपहर 1 बजे से प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अजंता पैलेस होटल रोड पर आयोजित किया जा रहा है।

पत्रिका 15/7/21

## रोजगार मेले का आयोजन होगा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर आगामी दिनों एक वृहद रोजगार मेले प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाने वाला है। इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों जैसे ट्रेनी कस्टमर केयर, एग्जीक्यूटिव रिलेशनशिप की भर्ती में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

आईटीआई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार ने बताया कि ऐसे बेरोजगार आवेदक जो कक्षा 8वीं, 10 वीं, 12 वीं किसी भी विषय में स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण है तथा जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य है और मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में कार्य करने के इच्छुक हैं वे बेरोजगार आवेदक गूगल फॉर्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी योग्यता सहित आगामी 22 जुलाई तक आवेदन पत्र अपलोड कर सकते हैं। रोजगार के अवसर के आयोजन की सूचना पृथक से दी जाएगी।

प्रसारण 15/7/21

## रोजगार मेले का आयोजन होगा

रतलाम • कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर आगामी दिनों एक वृहद रोजगार मेले प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाने वाला है। इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों जैसे ट्रेनी कस्टमर केयर, एग्जीक्यूटिव रिलेशनशिप की भर्ती में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

आईटीआई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार ने बताया कि ऐसे बेरोजगार आवेदक जो कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं किसी भी विषय में स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण है तथा जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य है और मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में कार्य करने के इच्छुक हैं वे बेरोजगार आवेदक गूगल फॉर्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी योग्यता सहित आगामी 22 जुलाई तक आवेदन पत्र अपलोड कर सकते हैं। रोजगार के अवसर के आयोजन की सूचना पृथक से दी जाएगी।

स्वदेश 15/7/21

# हनुमान ताल परिसर में लगेंगे 5 हजार पौधे, कलेक्टर ने की शुरुआत, नेशनल हाईवे भी लगाएगा 10 हजार पौधे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हनुमान ताल परिसर में 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत बुधवार से हो गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित अधिकारियों ने हनुमान ताल परिसर में पौधरोपण किया। उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल ने बताया हनुमान ताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के करीब 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इनमें बोगनवेलिया, क्रोटन, कनेर, गुलाब, चांदनी, मोगरा, मधु कामिनी, गोल्डन डूरंटा, गुड़हल, ड्रेसिना आदि शामिल है। इसके अलावा रोड के दोनों किनारों पर भी पौधे लगाए जाएंगे। डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, ईईआरइएस अनूप मिश्रा, उपसंचालक कृषि ज्ञान सिंह मोहनिया सहित अन्य मौजूद थे।

**10 हजार पौधों के लिए कलेक्टर ने देखा स्थल-** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर नेशनल हाइवे डिपार्टमेंट भी 10 हजार पौधे लगाएगा। यह पौधरोपण नेशनल हाइवे के गंगासागर क्षेत्र में स्थित नगर निगम फिल्टर प्लांट परिसर में होगा। इसके लिए बुधवार सुबह कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया है।



हनुमान ताल परिसर में पौधरोपण करते हुए।

## कस्तूरबा नगर में ग्राहक पंचायत ने किया पौधरोपण



रतलाम | अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कस्तूरबा नगर स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर उद्यान में पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मेहताब सिंह, प्रांत सचिव मुकेश कौशल, आरएसएस के विभाग कार्यवाह आशुतोष की मौजूदगी में पौधरोपण हुआ। इस मौके पर डॉ. दीनदयाल काकानी, पूर्व पार्षद अरुण राव, ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष अनुराग लोखंडे, सचिव राकेश मिश्रा, पूर्व पार्षद संदीप यादव, सत्येंद्र जोशी, ग्रामीण प्रभारी प्रकाश बंशीवाल, जयदीप चौहान (लालू), भगत सांखला उपस्थित थे।

दै. भास्कर 15/7/21